प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 19.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रदेश में 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान शुरू किया जाएगा—मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान से सुशासन का लाभ हर परिवार तक पहुंचेगा।

2— केंद्र सरकार ने रबी विपणन वर्ष के लिए चना, मसूर और सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की अवधि पन्द्रह दिन के लिए बढ़ाई।

3— राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट—यूजी की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया—रेलवे ने विषेष सेवाओं की व्यवस्था की।

और

4— मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों के भीतर मानसून के प्रवेश की संभावना जताई—आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार।

......

**'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान**

प्रदेश में 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि 'नियद नेल्लानार' योजना की सफलता को आगे बढ़ाते हुए रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और

सरगुजा संभाग के तेईस जिलों में इकतीस योजनाओं का संतृप्तिकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग, विभागों के समन्वय और जवाबदेह व्यवस्था से लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर परिवार तक शासन की योजनाएं पहुंचने से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा, आवास और रोजगार, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कृषि, कौशल विकास तथा बुनियादी नागरिक सेवाओं को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान का क्रियान्वयन तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में ग्रामवार आधारभूत सर्वेक्षण और डेटा मानचित्रण किया जाएगा। पीडीएस डेटाबेस और विभागीय आंकड़ों के आधार पर संभावित परिवारों की पहचान कर योजनावार बेसलाइन तैयार की जाएगी। वहीं, दूसरे चरण में ग्राम, क्लस्टर और विकासखंड स्तर पर विशेष संतृप्तिकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेजों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। तीसरे और अंतिम चरण में सतत निगरानी, समीक्षा और मूल्यांकन की प्रक्रिया के माध्यम से योजनाओं की प्रगति का आकलन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि –पीएम–किसान योजना की तेईसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि देशभर में चौरानवे करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे अट्ठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। इस किस्त से दो करोड़ अट्ठारह लाख से अधिक महिला किसानों को भी लाभ मिलेगा।

**केन्द्र–समर्थन मूल्य**

केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देते हुए रबी विपणन वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए चना, मसूर और सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की अवधि पन्द्रह दिन बढ़ा दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत लिया गया है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के किसानों से बढ़ी हुई अवधि का लाभ उठाने और निकटतम सहकारी समिति में जाकर अपनी उपज बेचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे किसान बाजार के उतार–चढ़ाव से बच सकेंगे और उन्हें फसल का उचित मूल्य मिलेगा।

**प्रधानमंत्री–12 साल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर योजनाओं के प्रचार–प्रसार और पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने मुंगेली में वरिष्ठ नागरिकों से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री साहू ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी तथा उनसे संवाद किया।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी पंजीकरण और जन कल्याण शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंचकर लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

**योग आयोग–अध्यक्ष**

राज्य सरकार ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा आयुष विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्री अग्रवाल को

नियुक्ति पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ और जागरूक समाज निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार–प्रसार और जन–जागरूकता को नई गति मिलेगी।

इस बीच, नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान योग के संवर्धन तथा प्रदेश में योग संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

## नीट परीक्षा तैयारी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–स्नातक–नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप संचार चैनल शुरू किया है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि सभी आधिकारिक व्हाट्सएप संदेश केवल उसके सत्यापित नंबर– **सात–आठ दो–सात नौ–आठ शून्य–दो आठ–सात (78 27 98 02 87)** के माध्यम से भेजे जाएंगे। एजेंसी ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि एनटीए से भेजे गए किसी भी संदेश पर भरोसा करने से पहले नीले सत्यापन चिह्न और "राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी" नाम की जांच कर लें।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष रेल सेवाओं की व्यवस्था की है। रेलवे द्वारा कोरबा–दुर्ग–कोरबा के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेनों का संचालन बीस और इक्कीस जून को किया जाएगा। इसके अलावा हसदेव एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार दुर्ग तक किया गया है। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दस ट्रेनों में चालीस अतिरिक्त सामान्य कोच भी लगाए जाएंगे।

इधर, नीट–यूजी के परीक्षा परिणाम और प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को देखते हुए बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान–सिम्स ने मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। यह सुविधा मनोरोग विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। विद्यार्थी अट्ठारह जून से दो जुलाई तक मोबाइल

नंबर – **नौ–चार दो पांच–पांच शून्य दो तीन पांच–तीन** (9425502353) पर तनाव, चिंता, काउंसिलिंग और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से परामर्श ले सकेंगे।

**मुख्यमंत्री–प्रतिनिधिमंडल मुलाकात**

महाराष्ट्र के विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रित रहेगा। इसके तहत रायपुर के योग प्रशिक्षक अमित तिवारी से** ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल बीस जून को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**रेत उत्खनन–कार्रवाई**

प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध रेत परिवहन करते हुए दस हाईवा को जब्त किया है।

उधर, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में खनिज विभाग और पुलिस की टीम ने मिंगाचल नदी में बीती देर रात छापा मारकर रेत उत्खन्न कर रहे जेसीबी, पोकलेन मशीन और चार वाहनों को पकड़ा।

**मौसम**

प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों के भीतर दक्षिण–पष्चिम मानसून के प्रवेश करने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी विदर्भ से तेलंगाना और आंध्रप्रदेष होते हुए तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाषीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

उधर, रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के चिराईपानी में कल रात दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बीती शाम आए तेज आंधी, तूफान और बारिश के दौरान दो उद्योगों के बीच बनी एक दीवार अचानक गिर गई, जिससे पास ही झोपड़ी बनाकर रह रहे कुछ मजदूर उसकी चपेट में आ गए।

**संक्षिप्त समाचार**

–	अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए बाईस जून से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो तीन जुलाई तक चलेगी। चयनित बच्चों को राज्य के निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश दिया जाएगा।

–	छत्तीसगढ़ से हज यात्रा के लिए सउदी अरब गए एक सौ बाईस हज यात्रियों का पहला जत्था नागपुर पहुंच गया है।

–	नई दिल्ली में स्थित छत्तीसगढ़ के ट्राइबल यूथ हॉस्टल के तेरह अभ्यर्थियों ने यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रदेष का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है।

और

–	बालोद पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो स्कॉर्पियो, एक टैंकर, मोबाइल फोन, खाली गैलन और चालीस हजार रुपये नगद बरामद किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>